**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 14.12.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल रायपुर में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस को प्रेसीडेंट कलर अवॉर्ड से सम्मानित करेंगे–जगदलपुर में बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में भी होंगे शामिल।**
- **आज से शुरू हुआ छत्तीसगढ़ विधानसभा का रजत जयंती वर्ष–सालभर आयोजित किए जाएंगे अनेक कार्यक्रम।**
- **भारतीय सेना द्वारा कल नवा रायपुर में सोल्जरथॉन मैराथन का आयोजन किया जाएगा–पूर्व सेना अध्यक्ष वी.के. सिंह दिखाएंगे हरी झंडी।**
- **प्रदेश के सभी जिला और व्यवहार न्यायालयों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।**

**अमित शाह–छत्तीसगढ़ दौरा**

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान कल राजधानी रायपुर और जगदलपुर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। केन्द्रीय गृहमंत्री कल सुबह ग्यारह बजे राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस को प्रेसीडेंट पुलिस कलर अवॉर्ड से सम्मानित करेंगे। यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ पुलिस को सत्यनिष्ठा, मानवीय गरिमा और पिछले चौबीस वर्षों के शानदार रिकॉर्ड के लिए दिया जाएगा। इसके बाद श्री शाह जगदलपुर जाएंगे और वहां इंदिरा प्रियदर्शनी खेल मैदान में आयोजित बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में शामिल होंगे। इस बारे में और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे बस्तर संवाददाता। उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ पुलिस को राष्ट्रपति पुलिस कलर अवॉर्ड मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ पुलिस बल की कर्तव्य परायणता, मेहनत और ईमानदारी का प्रमाण है। श्री शर्मा ने कहा कि यह सम्मान केवल पुलिस विभाग का ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का है।

**विधानसभा–सत्र/रजत जयंती–01**

छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र परसों सोलह दिसंबर से शुरू होगा। बीस दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र में कुल चार बैठकें होंगी। सत्र के दौरान वित्तीय कार्य के साथ ही अन्य शासकीय कार्य संपादित किए जाएंगे। आज विधानसभा परिसर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने बताया कि शीतकालीन सत्र के दौरान सोलह दिसंबर को चालू वित्तीय वर्ष के लिए द्वितीय अनुपूरक अनुमान सदन में पेश किया जाएगा। इस पर दूसरे दिन सत्रह दिसंबर को चर्चा होगी। इसी दिन सदन में विनियोग विधेयक पर भी चर्चा की जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि इस सत्र के लिए अभी तक चार विधेयकों की सूचनाएं मिली हैं। इनमें छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्य वेतन, भत्ता और पेंशन संशोधन विधेयक, छत्तीसगढ़ भू–राजस्व संहिता संशोधन विधेयक, छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम–1956 से संबंधित संशोधन विधेयक और छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम–1961 से संबंधित संशोधन विधेयक शामिल हैं।

**विधानसभा–सत्र/रजत जयंती–02**

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर सिंह ने बताया कि विधानसभा का रजत जयंती वर्ष आज से शुरू हो गया है, जो अगले वर्ष चौदह दिसंबर तक मनाया जाएगा। एक साल तक चलने वाले रजत जयंती वर्ष में कई कार्यक्रमों और समारोहों का आयोजन किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि बजट सत्र के दौरान सदस्यों को संबोधित करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को आमंत्रित किया जाएगा। डॉक्टर सिंह ने यह भी बताया कि अगले वर्ष में छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर अटल नगर स्थित नये विधानसभा भवन का उद्घाटन प्रस्तावित है। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि रजत जयंती वर्ष के दौरान सप्ताह के प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को राज्य के समस्त जिलों के दसवीं, बारहवीं और महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को विधानसभा परिसर का भ्रमण कराया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने आज विधानसभा परिसर में रजत जयंती वर्ष का प्रतीक चिन्ह और रजत जयंती वर्ष पर केन्द्रित एक वीडियो का विमोचन किया।

**राष्ट्रीय लोक अदालत**

प्रदेश के सभी जिला और व्यवहार न्यायालयों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में आपसी सुलह–राजीनामा के जरिए कई मामलों का निपटारा किया गया। इसमें मोटर दुर्घटना दावा, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों तथा पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया गया। इसके अलावा राजस्व, बैंक, विद्युत विभाग दूरसंचार विभाग, नगर निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत में वसूली संबंधी लंबित मामले भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किए गए, जिसका निराकरण आपसी राजीनामा के आधार पर किया गया।

**सोल्जरथॉन मैराथन**

भारतीय सेना द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से कल पन्द्रह दिसंबर को नवा रायपुर के सेंट्रल पार्क में सोल्जरथॉन मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस मैराथन में विभिन्न श्रेणियों की दौड़ और पैदल चाल का आयोजन होगा, जिसमें इक्कीस किलोमीटर, दस किलोमीटर और पांच किलोमीटर की दौड़ के साथ ही तीन किलोमीटर की पैदल यात्रा शामिल है। यह मैराथन नवा रायपुर स्थित सेंट्रल पार्क से कल सुबह साढ़े छह बजे शुरू होगी। इस मैराथन को हरी झंडी पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल वी.के. सिंह दिखाएंगे। इस आयोजन में भाग लेने वाले लोगों और दर्शकों की सुविधा के लिए कल सुबह पांच बजे से रायपुर के विभिन्न स्थानों से नवा रायपुर तक के लिए विशेष बीआरटीएस बस सेवा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। ये बसें भाटागांव बस स्टैंड, पचपेड़ी नाका, कमल विहार, देवपुरी चौक, अटल एक्सप्रेस मार्ग और रेलवे स्टेशन से चलेंगी। गौरतलब है कि यह आयोजन पाकिस्तान के साथ उन्नीस सौ इकहत्तर के युद्ध में भारत की जीत की तिरपनवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हो रहा है। इस दौरान आयोजित प्रदर्शनी में युद्ध से संबंधित सैन्य कलाकृतियाँ, तस्वीरें और यादगार चीज़ें प्रदर्शित की जाएँगी। साथ ही देश की रक्षा के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की जाएगी।

**कृषि विश्वविद्यालय–वार्षिक सम्मेलन**

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में कृषि अर्थशास्त्र अनुसंधान संघ नई दिल्ली के तत्वावधान में उच्च सतत और समावेशी विकास के लिए कृषि का डिजीटलीकरण विषय पर तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में देशभर के प्रमुख कृषि अर्थशास्त्री, नीति निर्माता और शोधकर्ता शामिल हुए। इस दौरान कृषि क्षेत्र के सामने वाली चुनौतियों पर विचार मंथन किया गया। साथ ही कृषि में डिजीटलीकरण को बढ़ावा देने तथा नवाचार और तकनीकी आधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाने पर जोर दिया गया। इस मौके पर कृषि अर्थशास्त्र अनुसंधान संघ ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के साथ मिलकर संयुक्त रूप से अनुसंधान तथा अध्ययन कार्य करने पर सहमति जताई है।

**मौसम**

प्रदेश में ठंड लगातार बढ़ रही है। राज्य के कुछ जगहों पर शीतलहर चल चलने की खबर है। सरगुजा संभाग की कुछ जगहों पर शीतलहर चलने के साथ ही प्रदेश के अन्य स्थानों में भी कुछ जगहों पर शीतलहर जैसी स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने बताया कि प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से ठंडी और शुष्क हवाएं लगातार आ रही हैं। इसके असर से न्यूनतम तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

**संक्षिप्त समाचार**

– छत्तीसगढ़ कांग्रेस विधायक दल की बैठक कल दोपहर रायपुर में आयोजित की जाएगी। बैठक में सोलह दिसंबर से शुरू हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पार्टी की रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

– राजधानी रायपुर में मीडिया क्रिकेट लीग का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन आज शाम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। इस प्रतियोगिता में मीडिया जगत की सोलह टीमें भाग लेंगी।

– रायपुर रेलमंडल के तहत रायपुर और लखौली के बीच नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से रायपुर–विशाखापट्टनम रेलमार्ग पर पन्द्रह से बीस दिसंबर तक रायपुर–विशाखापट्टनम के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन महासमुंद तक ही चलेगी। यह ट्रेन महासमुंद और रायपुर के बीच रद्द रहेगी।

–	दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में कल पहली बार मधुरम मीडिया संवाद का आयोजन किया गया। इस संवाद में मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार शामिल हुए। इस दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने पत्रकारों को प्रोजेक्टर के जरिए रायपुर रेलमंडल की उपलब्धियों से अवगत कराया।

–	वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय मरवाही की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम बरौर में सात दिवसीय विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान गांवों में स्वयंसेवकों द्वारा मतदाता जागरूकता, नशामुक्ति अभियान के अलावा, स्वास्थ्य शिक्षा और साइबर अपराध से बचाव को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>